# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2026 / 2865-73 दिनांकः 18.08.2026

## सूचना

सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत सूचना के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों में संचालित एलएल.एम. व एलएल.बी.–त्रिवर्षीय (अनुदानित) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से, प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि को क्रमशः 10 अगस्त व 03 अगस्त, 2026 तक विस्तारित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कुलपति महोदय के आदेशानुसार छात्रहित के दृष्टिगत एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए एलएल.एम. व एलएल.बी.–त्रिवर्षीय (अनुदानित) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पूर्व निर्धारित प्रवेश की अंतिम तिथि को विस्तारित कर 20 अगस्त, 2026 निर्धारित किया जाता है। विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि उक्त तिथि तक समस्त प्रवेशित छात्रों का विवरण समर्थ पोर्टल पर अपलोड करा लें।

अतः पूर्व में निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत एलएल.एम. व एलएल.बी.–त्रिवर्षीय (अनुदानित) पाठ्यक्रम में दिनांक 20 अगस्त, 2026 तक प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण, विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बन्धित महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की ई–मेल (registrarmjpru@gmail.com) पर दिनांक 22 अगस्त, 2026 तक तथा हार्डकॉपी (अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षाफल सहित) दिनांक 24 अगस्त, 2026 तक अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। यह भी स्पष्ट करना है कि प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों हेतु महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय परिसर के अनुरोध एवं छात्रहित के दृष्टिगत यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। किसी भी दशा में निर्धारित तिथि के उपरान्त किये गये प्रवेश को अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

/

कुलसचिव

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख समन्वयक–प्रवेश परीक्षा।
2. विभागाध्यक्ष–एलएल.एम., विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
3. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध एलएल.एम. महाविद्यालय, महा0 ज्यो0 रू0वि0वि0, बरेली।
4. प्राचार्य, बरेली कालेज, बरेली।
5. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. परीक्षा नियन्त्रक।
7. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करने हेतु।
8. निजी सचिव–कुलपति, को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
9. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव